been cooperating; and wherever there had been any malpractice, we have been advising them to cancel the permit.

SHRI JAGANNATH RAO : At what level is the adulteration ?

SHRI P. SHIV SHANKAR : Adulteration takes place at different levels; e.g. it takes place during transport from the main depot to the places concerned. It also takes place at the distributor's level, be it the wholesale for the retailer. Mostly, it had been happening at the retailer's level, particularly when the dual pricing system was there.

(*Interruption*)

**आई०टी०आई०, रायबरेली में गोलाबारी की घटना**

*685. **श्री जगपाल सिंह :**
**श्री राम किंकर :**

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने आई०टी०आई०, रायबरेली में 11 फरवरी, 1983 को हुई गोलाबारी की घटना की जांच किसी आसूचना एजेंसी को सौंप दी है; और

(ख) यदि हां, तो उसका क्या निष्कर्ष निकला ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI VIJAY N. PATIL) : (a) No, Sir.

(b) Does not arise

**श्री जगपाल सिंह :** अध्यक्ष जी, 11 फरवरी को रायबरेली आई०टी०आई के एक कर्मचारी की पत्नी और उनके साथ दो लड़कियों को सुपर बाजार में, जिसका मालिक सरदार जगदीश सिंह था, उन तीनों महिलाओं की उस दुकान के मालिक ने जमकर बेइज्जती की। उन तीनों के विरोध करने के बाद उनका सामान वहां पर साड़ियां वगैरह फेंक दिया गया। उसके तुरन्त बाद ही वहां पुलिस आ गई। जो दुकान का मालिक था, उसने टेलीफोन किया। वह अपने आपको गांधी लिखता है।

**टेलीफोन करने पर पुलिस आ जाती है और उन तीनों महिलाओं को पुलिस गिरफ्तार करके जेल भेज देती है। उनको दिन भर बद रखा गया। ...

(व्यवधान)

**श्री हरीश रावत :** आप कल्याण सिंह गांधी पर आरोप क्यों लगा रहे हैं ? यह बेबुनियाद है।

**श्री जगपाल सिंह :** चोर की दाढ़ी में तिनका वाली बात मैं नहीं कहना चाहता। सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग है कि महिलाओं को स्त्री पुलिस द्वारा ही गिरफ्तार किया जा सकता है।

**अध्यक्ष महोदय :** आप सवाल पूछिए।

**श्री जगपाल सिंह :** मैं अभी पूछ रहा हूं।

MR. SPEAKER : Your question is : Whether it is a fact that Government have entrusted the enquiry into the incident of firing in the I.T.I., Rae Bareli on 11.2.83 to an intelligence agency.*

**श्री जगपाल सिंह :** सुप्रीम कोर्ट की रूलिंग के खिलाफ उन तीनों महिलाओं को क्यों गिरफ्तार किया गया 9, 16 फरवरी को उत्तर प्रदेश की विधान सभा में...

(व्यवधान)

**अध्यक्ष महोदय :** जो आपने पूछा है, क्या उसका जवाब नहीं है ?

**Not recorded.

**श्री जगपाल सिंह :** जवाब भी तो **है । उत्तर प्रदेश के मंत्री श्री अम्मार रिजवी 16 फरवरी को घोषणा कर चुके हैं कि मैंने हाई लेवल इंक्वायरी बैठायी है लेकिन, आज तक उस इंक्वायरी का क्या हुआ ? इन्होंने कहा है कि कोई इंक्वायरी नहीं बैठायी गई। ये सही कह रहे हैं या उत्तर प्रदेश के पार्लियामेन्टरी अफेयर्स मिनिस्टर सही कह रहे हैं ।

MR. SPEAKER : It is irrelevant.

**श्री जगपाल सिंह :** मैं यह जानना चाहता हूं कि श्री अम्मार रिजवी ने जो 16 फरवरी को घोषणा की कि इंक्वायरी बैठायी गई है, उसके बाद क्या हुआ ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF COMMUNICATIONS (SHRI V.N. GADGIL) : This question can be addressed only to the State Government. As far as our information is concerned, the District Magistrate has ordered a Magisterial enquiry. More than that, we do not know.

**श्री मनीराम बागड़ी :** अगर स्टेट का सवाल था तो ··· यहां कैसे आ गया ?

**अध्यक्ष महोदय :** जो उत्तर दिया गया है, वह ठीक है ।

(व्यवधान)

**श्री जगपाल सिंह :** आई०टी०आई० सेन्ट्रल गवर्नमेंट की है ।

**अध्यक्ष महोदय :** आपने जो सवाल किया है, उसका उत्तर आपको सही मिल गया है । इसके अलावा और कोई मतलब नहीं है ।

Why are you all speaking ? There is no question. This is a question for the Legislative Assembly. I do not know why do you want to take the time of the House.

*(Interruptions)*

**अध्यक्ष महोदय :** आप सप्लीमेन्टरी पूछते ही कब हैं ? आपने जो पूछा है उसका जवाब इन्होंने दे दिया है ।

**श्री जगपाल सिंह :** आई०टी०आई० सेन्ट्रल गवर्नमेंट का डिपार्टमेन्ट है***

फिर भी इंक्वायरी क्यों नहीं बैठायी गई ?

MR. SPEAKKR : No name should be mentioned.

**श्री जगपाल सिंह :** किसकी इजाजत से आई०टी०आई० की बिल्डिंग में पुलिस घुसी है ? ···

(व्यवधान)

MR. SPEAKER : This is also irrelevant. According to the question, your supplementary is irrelevant absolutely. There is no relevancy.

**श्री जगपाल सिंह :** इसकी जांच कैसे होगी ?

**अध्यक्ष महोदय :** मुझे नहीं पता, कैसे होगी ?

**श्री जगपाल सिंह :** दक्षिण भारतीय लड़कियों को दुकान में बेइज्जत किया जाता है और बेइज्जती करने वालों को गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है ।

**अध्यक्ष महोदय :** कोई जवाब है मंत्री जी, आपके पास ?

---

**Expunged as ordered by the Chair.

***Not recorded

SHRI V.N. GADGIL : It is purely a law and order question which the State Government is handling. How do we come in ? It is not a dispute between management and the employees.

MR. SPEAKER : Yes, why should you come in ?

**श्री जगपाल सिंह** : आपको जांच करानी चाहिये। क्यों नहीं जांच कराई ? सैकड़ों लोग जेल में डाल दिये गये। तो क्या आप जांच करायेंगे ?

**अध्यक्ष महोदय** : नहीं।

**श्री जगपाल सिंह** : क्यों नहीं करायेंगे ?

**अध्यक्ष महोदय** : स्टेट असेम्बली वहां है।

**श्री मनीराम बागड़ी** : अध्यक्ष जी, क्या वहां के अधिकारियों की मर्जी के बगैर···

**(व्यवधान)**

MR. SPEAKER : That has nothing to do with the main question here. I am not allowing. Law and order is their subject. Yes, Mr. Ajit Kumar Mehta.

**श्री जगपाल सिंह** : आप अलाऊ करें या न करें···

**(व्यवधान)**

MR. SPEAKER : No names are allowed here.

**श्री जगपाल सिंह** : इस पर आप इंक्वायरी कराइये।

**अध्यक्ष महोदय** : पहले आप पढ़ कर आया करें।

PROF. K.K. TEWARY : You should ask him to take back the names. *(Interruptions)* He should be expelled. *(Interruptions)*

SHRI JAGPAL SINGH :.........*

MR. SPEAKER : This is not on record. Whatever this gentleman is saying is not going on record.

### श्रम न्यायालयों और न्यायाधिकरणों में लम्बित पड़े मामले

*68·. **श्री प्रो० अजित कुमार मेहता** : क्या **श्रम और पुनर्वास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच हैं कि श्रम न्यायालयों और न्यायधिकरणों में बड़ी संख्या में मामले लम्बित पड़े हुए है;

(ख) यदि हां, तो उन्हें शीघ्र ही निपटाने के लिए सरकार द्वारा बनाई गई योजना का ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार ने एक निश्चित अवधि में उक्त मामलों को निपटाने के अनुदेश भी जारी किए हैं;

(घ) यदि हां, तो उनका ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या ऐसे मामलों का यथा समय निपटारा करने हेतु इन न्यायालयों तथा न्याया-धिकरणों की संख्या में वृद्धि करने का कोई प्रस्ताव है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

*Not recorded.